13 नल और हौज (PIPE AND CISTERN)

TYPE-I

1. तीन नल A, B और C एक टंकी को क्रमशः 12, 15 और 20 घंटों में भर सकते हैं। यदि नल A पूरे समय खुला रहे तथा B और C बारी-बारी से एक-एक घंटे के लिए खोले जाते हैं, तो टंकी कितने समय में भर जायेगी ?

(1) 6 घंटे (2) $6\frac{1}{2}$ घंटे

(3) 7 घंटे (4) $7\frac{1}{2}$ घंटे

(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–04.07.1999 प्रथम पाली)

2. दो पाइप A और B एक टैंक को क्रमशः 20 मिनट और 30 मिनट में भर सकते हैं। यदि दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ तो टैंक को भरने में समय लगेगा–

(1) 50 मिनट (2) 12 मिनट

(3) 25 मिनट (4) 15 मिनट

(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–04.07.1999 द्वितीय पाली)

3. एक पाइप किसी टंकी को 5 घंटों में पानी से भर सकता है और टंकी को कोई दूसरा पाइप 4 घंटों में खाली कर सकता है। यदि टंकी पूर्णतया भरी हुई हो और दोनों पाइपों को खोल दिया जाए, तो टंकी निम्न समय में खाली हो जायेगी–

(1) 9 घंटे (2) 18 घंटे

(3) 20 घंटे (4) $20\frac{1}{2}$ घंटे

(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–24.02.2002 प्रथम पाली)

4. एक पम्प किसी टंकी को पानी से 2 घंटों में भर सकता है। टंकी में पानी चूने से इसको भरने में $2\frac{1}{3}$ घंटे लगते हैं। भरी हुई टंकी, पानी चूने के कारण कितने समय में खाली हो जाएगी?

(1) 8 घंटे (2) 7 घंटे

(3) $4\frac{1}{3}$ घंटे (4) 14 घंटे

(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–24.02.2002 द्वितीय पाली)

5. दो नल किसी हौज को अलग-अलग 10 घंटे तथा 15 घंटे में पूरा भर सकते हैं। वे मिलकर हौज को कितने समय में पूरा भरेंगे ?

(1) 6 घंटे (2) 7 घंटे

(3) 8 घंटे (4) 9 घंटे

(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–24.02.2002 द्वितीय पाली)

6. दो पाइप A और B किसी टंकी को क्रमशः $37\frac{1}{2}$ मिनट और 45 मिनट में भर सकते हैं। दोनों पाइपों को खोल दिया जाता है। टंकी को ठीक आधे घंटे में भरने के लिए पाइप B को कितने समय बाद बन्द कर देना होगा ?

(1) 15 मिनट (2) 10 मिनट

(3) 5 मिनट (4) 9 मिनट

(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–08.02.2004 प्रथम पाली)

7. दो नल एक हौज को क्रमशः 3 तथा 4 घण्टे में भर सकते हैं तथा एक निकास-नल उसे 2 घण्टे में खाली कर सकता है। यदि तीनों नल खोल दिए जाएँ, तो हौज कितने समय में भरेगा ?

(1) 5 घण्टे (2) 8 घण्टे

(3) 10 घण्टे (4) 12 घण्टे

(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–08.02.2004 द्वितीय पाली)

8. 6 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके 12 पम्प एक पूरे भरे जलाशय को 15 दिन में खाली कर सकते हैं। ऐसे ही कितने पम्प 9 घण्टे प्रतिदिन काम करके उसी जलाशय को 12 दिन में खाली कर सकेंगे ?

(1) 15 (2) 9

(3) 10 (4) 12

(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–04.02.2007 द्वितीय पाली)

9. एक खाली टैंक पाइप A द्वारा 4 घण्टे तथा पाइप B द्वारा 6 घण्टे में भरा जा सकता है। यदि दोनों पाइप, A से आरम्भ करके, बारी-बारी से एक-एक घण्टे के लिए खोले जाएँ, तो टैंक कितने समय में भरेगा?

(1) $1\frac{3}{4}$ घण्टे (2) $2\frac{3}{5}$ घण्टे

(3) $4\frac{2}{3}$ घण्टे (4) $5\frac{1}{2}$ घण्टे

(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–27.07.2008 द्वितीय पाली)

10. नल A, B तथा C मिलकर किसी पानी की खाली टंकी को 10 मिनट में भर सकते हैं। अकेला नल A इसे 30 मिनट तथा अकेला B 40 मिनट में भर सकता है। अकेला नल C इसे भरने में कितना समय लेगा ?

(1) 16 मिनट (2) 24 मिनट

(3) 32 मिनट (4) 40 मिनट

(SSC डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं एलडीसी परीक्षा, 28.11.2010)

11. एक नल किसी पानी की टंकी को 40 मिनट में भर सकता है तथा एक अन्य नल पूरी भरी टंकी को 60 मिनट में खाली कर सकता है। यदि दोनों नल खुले हों, तो खाली टंकी कितने घंटे में पूरी भर जाएगी ?

(1) 2 (2) 2.5

(3) 2 (4) 3.5

(SSC डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं एलडीसी परीक्षा, 28.11.2010 द्वितीय पाली)

12. एक टंकी के 3 नल A, B तथा C हैं। A और B उसे क्रमशः 3 और 4 घंटे में भर सकते हैं और C उसे 1 घंटे में खाली कर सकता है। यदि नलों को उसी दिन क्रमशः 3, 4 और 5 बजे अपराह्न खोला जाए, तो टंकी कितने बजे खाली होगी?

(1) 7 : 12 अपराह्न (2) 7 : 15 अपराह्न

(3) 7 : 10 अपराह्न (4) 7 : 18 अपराह्न

(SSC स्नातक स्तरीय Tier-II परीक्षा, 04.09.2011)

13. एक टंकी को नली A द्वारा 2 घंटों में भरा जा सकता है और नली B द्वारा 6 घंटों में। प्रातः 10 बजे नली A को खोल दिया गया। तदनुसार, यदि नली B को भी 11 बजे प्रातः खोल दिया जाए, तो टंकी किस समय तक पूरी भर जाएगी?

(1) 12.45 प्रातः (2) 5 सायं

(3) 11.45 प्रातः (4) 12 सायं

(SSC संयुक्त स्नातक स्तर Tier-II परीक्षा, 16.09.2012)

14. दो नलियाँ P तथा Q एक टंकी को 20 मिनटों में भर सकती हैं। उसी को P अकेली 30 मिनटों में भर सकती है। तदनुसार Q अकेली उसे कितने समय में भर सकती है?

(1) 62 मिनट (2) 60 मिनट

(3) 61 मिनट (4) 51 मिनट

(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 10.03.2013, प्रथम पाली)

15. एक टंकी को दो नालियाँ A तथा B द्वारा क्रमशः 20 तथा 30 मिनटों में भरा जा सकता है। खाली टंकी भरने के लिए पहले दोनों नालियाँ खोल दी जाती हैं, फिर कुछ समय बाद A को बंद कर दिया जाता है। इस प्रकार वह टंकी कुल 18 मिनटों में भर जाती है। तदनुसार, A को कितने समय (मिनटों में) बाद बंद किया गया था?

(1) 9 (2) 12

(3) 6 (4) 8

(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 17.03.2013, प्रथम पाली)

16. दो नल A तथा B एक हौज को क्रमशः 3 घंटों तथा 5 घंटों में भर सकते हैं। उसे नल C 2 घंटों में खाली कर सकता है। तदनुसार अगर तीनो नल चालू रहें, तो वह पूरा हौज कितने घंटों में भर जाएगा?
(1) नहीं भर सकता (2) 10 घंटे
(3) 15 घंटे (4) 30 घंटे
(SSC FCI असिस्टेंट ग्रेड-III (मुख्य) परीक्षा, 07.04.2013)

17. तीन नल A, B, C एक ओवरहेड टैंक को क्रमशः 4, 6 और 12 घंटे में भर सकते हैं। यदि तीनों नल एक साथ खोल दिए जाएं तो वे टैंक को भरने में कितना समय लेंगे?
(1) 2 घंटे (2) 4 घंटे
(3) 3 घंटे (4) 5 घंटे
(SSC कांस्टेबल (GD) परीक्षा, 12.05.2013 द्वितीय पाली)

18. दो पाइप 'क' और 'ख' किसी टंकी को क्रमशः 36 मिनट और 45 मिनट में भर सकते हैं। एक अन्य पाइप 'ग' टंकी को 30 मिनट में खाली करता है। पहले 'क' और 'ख' को खोला जाता है। उसके 7 मिनट पश्चात् 'ग' को भी खोल दिया जाता है। टंकी कितने मिनट में भरेगी?
(1) 39 मिनट (2) 46 मिनट
(3) 40 मिनट (4) 45 मिनट
(SSC CHSL (10+2) DEO & LDC परीक्षा–09.11.2014)

19. एक टंकी में दो पाइप A और B लगे हैं। A उसे 20 मिनट में भर सकता है और B उसे 30 मिनट में खाली कर सकता है। यदि A और B को एकांतर रूप से एक-एक मिनट के लिए खुला रखा जाए, तो टंकी कितनी देर में भरेगी ?
(1) 121 मिनट (2) 110 मिनट
(3) 115 मिनट (4) 120 मिनट
(SSC CGL Tier-I (पुनर्परीक्षा–2013), 20.07.2014 द्वितीय पाली)

20. एक तरण ताल तीन पाइपों से भरा जाता है। लगातार कार्य करने वाले पहले दो पाइप ताल को उतने समय में भरते हैं जितने समय में तीसरा पाइप अकेले भरता है। दूसरा पाइप अकेले पहले पाइप से 5 घंटे तेजी से और तीसरे पाइप से 4 घंटे धीमे भरता है। दूसरे और तीसरे पाइप मिलकर ताल को कितने समय में भरेंगे ?
(1) 3 घंटे (2) 3.75 घंटे
(3) 4 घंटे (4) 4.75 घंटे
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 19.10.2014)

21. A और B दो पाइप अलग-अलग एक टैंक को क्रमशः 2 घंटे और 3 घंटे में भर सकते हैं। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खाली टैंक में खोल दिया जाए, तो टैंक कितने समय में भरेगा ?
(1) 1 घंटा 12 मिनट (2) 2 घंटे 30 मिनट
(3) 1 घंटा 15 मिनट (4) 1 घंटा 20 मिनट
(SSC CHSL (10+2) DEO & LDC परीक्षा–16.11.2014 पटना क्षेत्र : प्रथम पाली)

22. एक टैंक में दो पाइप लगे हैं । पहला पाइप उसे 4 घंटे में भर सकता है और दूसरा उसे 16 घंटे में खाली कर सकता है । यदि दोनों पाइपों को एक ही समय एक साथ खोला जाए तो टैंक कितने समय में भरेगा ?
(1) $5\frac{1}{2}$ घंटे (2) 10 घंटे
(3) 6 घंटे (4) $5\frac{1}{3}$ घंटे
(SSC (CGL) Tier-II परीक्षा 12.04.2015)

23. पाइप A एक टैंक को 4 घंटे में भर सकता है और पाइप B उसे 6 घंटे में भर सकता है। यदि उन्हें एक-एक घंटा बारी-बारी से खोला जाता है और पाइप A को पहले खोला जाता है तो टैंक कितने घंटे में भरेगा ?
(1) $4\frac{1}{2}$ (2) $3\frac{1}{2}$
(3) $3\frac{1}{4}$ (4) $4\frac{2}{3}$
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015 (द्वितीय पाली)

24. दो पाइप A और B एक टैंक में क्रमशः 30 मिनट और 45 मिनट में जल भर सकते हैं। जल पाइप C उस टैंक को 36 मिनट में खाली कर सकता है। पहले A और B को खोला जाता है फिर 12 मिनट बाद C को खोला जाता है। टैंक कुल कितने समय (मिनटों में) भरेगा?
(1) 30 (2) 12
(3) 36 (4) 24
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 16.08.2015 (द्वितीय पाली)

25. एक पाइप एक टैंक को x घंटों में भर सकता है और एक अन्य पाइप उसे y घंटों में खाली कर सकता है। वे दोनों मिलकर उसे कितने समय में भर सकते हैं ? $(y > x)$
(1) $\frac{xy}{y-x}$ (2) $x-y$
(3) $y-x$ (4) $\frac{xy}{x-y}$
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, प्रथम पाली TF No. 1443088)

26. एक नल 30 मिनट में एक टैंक को खाली कर सकता है। एक दूसरा नल उसे 45 मिनट में खाली कर सकता है। यदि दोनों नल साथ-साथ खोल दिए जाएँ, तो टैंक खाली करने में कितना समय लगेगा ?
(1) 30 मिनट (2) 18 मिनट
(3) 14 मिनट (4) 15 मिनट
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, प्रथम पाली TF No. 1443088)

TYPE–II

1. यदि किसी टैंक के $\frac{1}{3}$ भरे होने पर उसमें 80 लीटर पानी आता है, तो उसके आधा भरे होने पर उसमें कितना पानी होगा ?
(1) 240 लीटर (2) 120 लीटर
(3) 80/3 लीटर (4) 100 लीटर
(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–04.07.1999 प्रथम पाली)

2. किसी टैंक के $\frac{1}{4}$ भरे होने पर उसमें 135 लीटर पानी है । यदि उसमें 180 लीटर पानी हो, तो टैंक का कितना भाग पानी से भरा है ?
(1) $\frac{2}{5}$ (2) $\frac{2}{3}$
(3) $\frac{1}{3}$ (4) $\frac{1}{6}$
(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–04.07.1999 द्वितीय पाली)

3. एक टंकी में दो पाइप लगे हुए हैं। एक इसको 8 घंटे में पानी से भर सकता है और दूसरा इसको 5 घंटे में खाली कर सकता है। यदि टंकी का $\frac{3}{4}$ भाग पानी से भरा हुआ हो, और दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो टंकी कितने समय में खाली हो जाएगी ?
(1) $13\frac{1}{3}$ घंटे (2) 10 घंटे
(3) 6 घंटे (4) $3\frac{1}{3}$ घंटे
(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–13.11.2005 प्रथम पाली)

4. किसी टंकी का $\frac{3}{4}$ भाग पानी से भरा हुआ है। यदि उसमें से 30 लीटर पानी निकाला जाए, तो टंकी खाली हो जाती है। टंकी की धारिता है
(1) 36 लीटर (2) 42 लीटर
(3) 40 लीटर (4) 38 लीटर
(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–13.11.2005 द्वितीय पाली)

5. एक नल किसी खाली टैंक को 12 घंटे में भर सकता है तथा एक अन्य नल आधे भरे टैंक को 10 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों नल एक साथ खोले जाएँ, तो खाली टैंक को आधा भरने में कितना समय लगेगा ?
(1) 30 घंटे (2) 20 घंटे
(3) 15 घंटे (4) 12 घंटे
(SSC (South Zone) सांख्यिकीय अन्वेषक (इन्वेस्टिगेटर) ग्रेड-IV परीक्षा–12.09.2010)

6. एक टंकी को पानी से भरने के लिए दो पम्प हैं। पहला पम्प खाली टंकी को 8 घंटे में भर सकता है और दूसरा पम्प 10 घंटे में। यदि दोनों पम्पों को एक साथ खोल कर 4 घंटे तक चलाया जाए, तो टंकी का कितना भाग पानी से भर जाएगा ?

(1) $\frac{9}{10}$ (2) $\frac{1}{10}$

(3) $\frac{2}{5}$ (4) $\frac{1}{5}$

(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 10.03.2013)

7. 3 नलियाँ A, B तथा C एक टंकी को क्रमशः 6 घंटों, 9 घंटों, तथा 12 घंटों में भर सकती हैं। B तथा C को आधा घंटे तक खोलने के बाद A को भी खोल दिया जाता है। तदनुसार, उन तीनों नलियों को टंकी का शेष भाग भरने में कितना समय लगेगा?

(1) 3 घंटे (2) 2 घंटे

(3) $2\frac{1}{2}$ घंटे (4) $3\frac{1}{2}$ घंटे

(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, कोलकाता क्षेत्र)

8. तीन नलिकाएँ A, B तथा C एक टंकी को 6 घंटों में भर सकती है। 2 घंटों तक तीनों को एक-साथ खोलने के बाद C को बंद कर दिया जाता है और A तथा B उस टंकी को 8 घंटों में भर देती हैं। तदनुसार, अकेली नलिका C द्वारा वह टंकी कितने घंटों में भरी जा सकती है?

(1) 10 (2) 12
(3) 8 (4) 9

(SSC 10+2 डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 10.11.2013 द्वितीय पाली)

9. यदि दो नलियाँ एक साथ खुली हों, तो एक टंकी 12 घंटों में भर जाती है। उनमें एक नली उस टंकी को दूसरी की अपेक्षा 10 घंटे अधिक की गति से भर देती है। तदनुसार, वह तेज गति वाली नली अकेली, उस टंकी को कितने घंटों में भर देगी?

(1) 20 (2) 18
(3) 15 (4) 20

(SSC (10+2) डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 27.10.2013, द्वितीय पाली)

10. दो नलिकाएँ X तथा Y एक टंकी को क्रमशः 24 मिनट तथा 32 मिनट में भर सकती हैं। तदनुसार, यदि दोनों नलिकाएँ एक साथ खोल दी जाएँ, तो Y को कितने मिनट बाद बंद कर देना चाहिए, ताकि टंकी 18 मिनट में पूरी भर जाए?

(1) 10 (2) 8
(3) 6 (4) 5

(SSC (10+2) डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 10.11.2013, प्रथम पाली)

11. दो पाइप एक टंकी को क्रमशः 3 घंटे और 3 घंटे 45 मिनट में भर सकते हैं और तीसरा पाइप पूरी टंकी को एक घंटे में खाली कर सकता है। टंकी आधी भरी हुई है और तीनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो टंकी कितने समय में खाली हो जाएगी ?

(1) 1 घंटा 15 मिनट (2) 1 घंटा 30 मिनट
(3) 1 घंटा 45 मिनट (4) 45 मिनट

(SSC (CGL) Tier-II परीक्षा 12.04.2015 (कोलकाता क्षेत्र)

12. एक पाइप एक टैंक को x घंटों में भर सकता है और एक अन्य पाइप उसे y घंटों में खाली कर सकता है। वे दोनों मिलकर उसे कितने समय में भर सकते हैं ? $(y > x)$

(1) $\frac{xy}{y-x}$ (2) $x-y$

(3) $y-x$ (4) $\frac{xy}{x-y}$

(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, प्रथम पाली TF No. 1443088)

13. एक नल 30 मिनट में एक टैंक को खाली कर सकता है। एक दूसरा नल उसे 45 मिनट में खाली कर सकता है। यदि दोनों नल साथ-साथ खोल दिए जाएँ, तो टैंक खाली करने में कितना समय लगेगा ?

(1) 30 मिनट (2) 18 मिनट
(3) 14 मिनट (4) 15 मिनट

(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, प्रथम पाली TF No. 1443088)

TYPE-III

1. एक नल किसी टंकी को पानी से 3 घंटों में भर सकता है। टंकी में एक छेद के कारण इसको भरने में $3\frac{1}{2}$ घंटे लगते हैं। इस छेद के कारण पूर्ण भरी हुई टंकी कितने समय में खाली हो जाएगी?

(1) 12 घंटे (2) 21 घंटे

(3) $6\frac{1}{2}$ घंटे (4) $10\frac{1}{2}$ घंटे

(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–24.02.2002 (मध्य क्षेत्र)

2. दो पाइप A और B अलग-अलग किसी टंकी को क्रमशः 60 मिनट और 75 मिनट में भर सकते हैं। टंकी की तली में उसको खाली करने के लिए एक तीसरा पाइप लगा है। यदि तीनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी 50 मिनट में भर जाती है। अकेला तीसरा पाइप टंकी को कितने समय में खाली कर सकता है ?

(1) 110 मिनट (2) 100 मिनट
(3) 120 मिनट (4) 90 मिनट

(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–11.05.2003 प्रथम पाली)

3. एक नल किसी टंकी को 6 घंटे में भर सकता है। जब टंकी आधी भर जाती है, तो इसी प्रकार के तीन और नल खोल दिए जाते हैं। टंकी को पूरा भरने में लगा कुल समय कितना है ?

(1) 4 घंटे (2) 4 घंटे 15 मिनट
(3) 3 घंटे 15 मिनट (4) 3 घंटे 45 मिनट

(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–11.05.2003 द्वितीय पाली)

4. दो पाइप किसी टंकी को क्रमशः 15 और 12 घण्टे में पानी से भर सकते हैं और एक तीसरा पाइप इस टंकी को 4 घण्टे में खाली कर सकता है। यदि इन पाइपों को क्रमशः प्रातः 8, 9 और 11 बजे खोला जाए, तो टंकी कितने बजे खाली होगी?

(1) 11: 40 पूर्वाह्न (2) 12: 40 अपराह्न
(3) 1: 40 अपराह्न (4) 2: 40 अपराह्न

(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–13.11.2005 द्वितीय पाली)

5. एक टंकी की तली में एक छेद है जिसके कारण पानी से पूरी भरी टंकी 10 घंटे में खाली हो जाती है। यदि टंकी पानी से पूरी भरी हो, साथ ही 4 लीटर प्रति मिनट की रफ्तार में टंकी में पानी भरने वाला एक नल भी चालू रखा जाए, तो छेद द्वारा टंकी को खाली करने में 15 घंटे का समय लगता है। टंकी में कितने लीटर पानी भरा जा सकता है?

(1) 2400 (2) 4500
(3) 1200 (4) 7200

(SSC CGL प्रारम्भिक परीक्षा–27.07.2008 प्रथम पाली)

6. एक हौज सामान्यतः 8 घंटों में भर जाता है। लेकिन उसकी तली में एक छेद होने के कारण उसके भरने में दो घंटे ज्यादा लगते हैं। तदनुसार हौज पूरा भरा होने पर, उसके छेद से रिसाव के कारण उसे खाली होने में कितना समय लगेगा?

(1) 16 घंटे (2) 20 घंटे
(3) 25 घंटे (4) 40 घंटे

(FCI असिस्टेंट ग्रेड-III परीक्षा–05.02.2012 द्वितीय पाली)

7. किसी हौज को पाइप A 6 घंटे में तथा पाइप B 8 घंटे में भर सकता है। दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाता है, किन्तु 2 घंटे के बाद पाइप A को बन्द कर दिया जाता है। हौज के शेष भाग को भरने में B कितने घंटे का समय लेगा?

(1) 2 (2) $3\frac{1}{3}$

(3) $2\frac{2}{3}$ (4) 4

(SSC डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं एलडीसी परीक्षा, 27.11.2010)

8. दो नलियाँ A तथा B, एक टंकी को क्रमशः 6 घंटों तथा 4 घंटों में भर सकती हैं। यदि उन्हें हर घंटे के बाद बारी-बारी से खोला जाए, और नली A को पहले खोला जाए, तो टंकी भरने में कितना समय लगेगा?

(1) 5 घंटे (2) $5\frac{1}{2}$ घंटे

(3) 6 घंटे (4) $4\frac{1}{2}$ घंटे

(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, द्वितीय पाली)

9. दो पाइप A तथा B, एक टंकी को क्रमशः 6 तथा 8 घंटों में भर देते हैं। तदनुसार, यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी को 4 घंटों में भरने के लिए B को कितने घंटे बाद बंद कर देना चाहिए ?

(1) $\frac{2}{3}$ (2) 1

(3) 2 (4) $\frac{8}{3}$

(SSC Delhi Police सब इंस्पेक्टर परीक्षा, 19.08.2012, Paper-I)

10. दो नलियां P तथा Q एक टंकी को क्रमशः 12 तथा 15 मिनटों में भर सकती हैं। यदि उन दोनों को एक साथ खोल दिया जाए और 3 मिनटों बाद पहली को बंद कर दिया जाए, तो टंकी को भरने में कितना और समय लगेगा?

(1) 5 मिनट (2) $8\frac{1}{2}$ मिनट

(3) $8\frac{1}{4}$ मिनट (4) $8\frac{3}{4}$ मिनट

(SSC स्नातक स्तरीय Tire-I परीक्षा, 21.04.2013)

11. एक नल टंकी को पानी से 2 घंटे में भर देता है। परन्तु टंकी में छेद होने से पानी के रिसने के कारण टंकी $2\frac{1}{3}$ घंटों में भरती है। उस रिसाव से टंकी कितने घंटों में खाली हो जाएगी ?

(1) $2\frac{1}{3}$ घंटे (2) 7 घंटे

(3) 8 घंटे (4) 14 घंटे

(बिहार SSC द्वितीय स्नातक प्रारंभिक परीक्षा 16.02.2015)

12. एक नल A, एक टंकी को 8 घंटों में भर सकता है। दूसरा नल B उसे 6 घंटों में भर सकता है। यदि दोनों नल A एवं B खोल दिए जाएँ एवं 2 घंटे बाद नल A बंद कर दिया जाए, तो दूसरा नल B उस टंकी को अब कितने घंटों में भर सकेगा ?

(1) 6 घंटे (2) $3\frac{1}{2}$ घंटे

(3) 4 घंटे (4) $2\frac{1}{2}$ घंटे

(बिहार SSC द्वितीय स्नातक स्तर प्रारंभिक परीक्षा 23.02.2015)

13. एक सिस्टर्न को नल से भरने में आम तौर पर 10 घंटे लगते हैं। लेकिन रिसाव होने के कारण इसे भरने में 2 घंटे अधिक लगते हैं। भरा हुआ सिस्टर्न रिसाव होने के कारण कितने घंटे में खाली हो जाएगा?

(1) 45 (2) 48

(3) 30 (4) 60

(SSC CGL Tier-I (पुनर्परीक्षा–2013) 27.04.2014)

14. एक पाइप किसी टंकी को 9 घंटे में भर सकता है। अपने तले में रिसाव के कारण टंकी 10 घंटे में भरती है। यदि टंकी पूरी भरी हो तो रिसाव द्वारा वह कितने समय में खाली हो जाएगी ?

(1) 70 घंटे (2) 80 घंटे

(3) 90 घंटे (4) 100 घंटे

(SSC CGL Tier-I (पुनर्परीक्षा–2013), 27.07.2014 प्रथम पाली)

15. पाइप A एक खाली टैंक को 6 घंटे में भर सकता है और पाइप B 8 घंटे में भर सकता है। यदि दोनों पाइप एकसाथ खोले जाएं और 2 घंटे बाद पाइप A बंद कर दिया जाए, तो शेष टैंक भरने में B को कितना समय लगेगा?

(1) $7\frac{1}{2}$ घंटे (2) $2\frac{2}{5}$ घंटे

(3) $2\frac{1}{3}$ घंटे (4) $3\frac{1}{3}$ घंटे

(SSC CGL Tier-II परीक्षा 25.10.2015)

16. तीन पाइप A, B और C एक टैंक को 6 घंटे में भर सकते हैं। 2 घंटे मिलकर काम करने के बाद C को बंद कर दिया जाता है और A और B शेष भाग को 7 घंटे में भर सकते हैं। अकेले C द्वारा टैंक को कितने घंटे में भरा जाएगा?

(1) 10 (2) 12

(3) 14 (4) 16

(SSC (CGL) Tier-I परीक्षा 19.10.2014, TF No.-022 MH3, प्रथम पाली)

17. टंकी के तल में रिसाव होने से पूरी टंकी 6 घंटे में खाली हो सकती है। एक अंतर्गम पाइप 4 लीटर प्रति मिनट की दर पर पानी भरता है। जिस समय टंकी पूरी भरी है, अंतर्गम पाइप खोल दिया जाता है और रिसाव के कारण टंकी 8 घंटे में खाली हो जाती है। टंकी की क्षमता ज्ञात कीजिए।

(1) 5760 लीटर (2) 96 लीटर

(3) 10 लीटर (4) 24 लीटर

(SSC CGL TIER-I पुनर्परीक्षा 30.08.2015)

18. एक नल एक समान दर पर एक पात्र में रिसाव कर रहा है। पात्र में जल का स्तर (L सेमी) समीकरण $L = 2 - 2^t$ द्वारा बताया गया है, जिसमें t घंटों में लगने वाला समय है। तब प्रारंभ में पात्र में जल का स्तर है

(1) 0 सेमी (2) 1 सेमी

(3) 2 सेमी (4) 4 सेमी

(SSC CAPFs SI, CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 22.06.2014)

19. एक जल की हौदी को एक नल से 30 मिनट में भरा जा सकता है और एक अन्य नल से उसे 60 मिनट में भरा जा सकता है। यदि दोनों नल 5 मिनट तक खुले रखे जाते हैं और फिर पहले नल को बंद कर दिया जाता है, तो उस हौदी को भरने में कितना समय लगेगा ?

(1) 20 मिनट (2) 25 मिनट

(3) 30 मिनट (4) 45 मिनट

(SSC CAPFs SI, CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 22.06.2014)

TYPE–IV

1. एक नल किसी टैंक को भरने में इसके एक रिसाव, जो नल के अन्तर्वाह के आधे के समतुल्य है, के कारण 36 घण्टे का अतिरिक्त समय लेता है। नल का अन्तर्वाह टैंक को कितने घण्टे में भर सकता है ?

(1) 36 (2) 24

(3) 30 (4) 18

(SSC CGL प्रारंभिक परीक्षा, 04.02.2007 द्वितीय पाली)

2. एक लड़का तथा एक लड़की मिलकर किसी हौज को पानी से भरते हैं। लड़का प्रत्येक 3 मिनट में 4 लीटर पानी उड़ेलता है, जबकि लड़की प्रत्येक 4 मिनट में 3 लीटर पानी उड़ेलती है। हौज में 100 लीटर पानी भरने में कितना समय लगेगा?

(1) 36 मिनट (2) 42 मिनट

(3) 48 मिनट (4) 44 मिनट

(SSC CGL प्रारंभिक परीक्षा, 27.07.2008 द्वितीय पाली)

3. तीन नल P, Q तथा R अलग-अलग किसी हौज को क्रमशः 4, 8 तथा 12 घंटे में पूरा भर सकते हैं। एक अन्य नल S पूरे भरे हौज को 10 घंटे में खाली कर सकता है। निम्नलिखित में से कौन-सी जुगत खाली हौज को अन्य से कम समय में भरेगी?

(1) केवल Q को खोला जाए

(2) P तथा S को खोला जाए

(3) P, R तथा S को खोला जाए

(4) P, Q तथा S को खोला जाए

(SSC सी.पी.ओ.सब-इंस्पेक्टर परीक्षा, 09.11.2008)

4. यदि एक कुंड का $\frac{3}{5}$ भाग एक मिनट में भर जाता है, तो शेष कुंड कितने समय में भरेगा?

(1) 40 सेकंड (2) 30 सेकंड

(3) 36 सेकंड (4) 24 सेकंड

(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 28.10.2012, प्रथम पाली)

5. पानी से पूरी तरह भरे हुए पानी के घनाकार टैंक से यदि 64 बाल्टी पानी निकाल लिया जाता है, तो $\frac{1}{3}$ टैंक पानी से भरा रहता है। टैंक की प्रत्येक भुजा की लंबाई 1.2 मीटर है। माना कि सभी बाल्टियाँ समान माप की हैं, तो प्रत्येक बाल्टी में पानी का आयतन (लीटर में) कितना होगा?

(1) 12 (2) 16

(3) 15 (4) 18

(SSC CGL Tier-II परीक्षा 25.10.2015)

संक्षिप्त उत्तर

TYPE-I

1. (3)	2. (2)	3. (3)	4. (4)
5. (1)	6. (4)	7. (4)	8. (3)
9. (3)	10. (2)	11. (1)	12. (1)
13. (3)	14. (2)	15. (4)	16. (4)
17. (1)	18. (2)	19. (3)	20. (2)
21. (1)	22. (4)	23. (4)	24. (4)
25. (1)	26. (2)		

TYPE-II

1. (2)	2. (3)	3. (2)	4. (3)
5. (1)	6. (1)	7. (3)	8. (2)
9. (1)	10. (2)	11. (1)	12. (1)

13. (2)

TYPE-III

1. (2)	2. (2)	3. (4)	4. (4)
5. (4)	6. (4)	7. (2)	8. (1)
9. (4)	10. (3)	11. (4)	12. (4)
13. (4)	14. (3)	15. (4)	16. (3)
17. (1)	18. (2)	19. (4)	

TYPE-IV

1. (1)	2. (3)	3. (4)	4. (1)
5. (4)			

उत्तर व्याख्या सहित

TYPE-I

1. (3) पहले दो घंटे में टंकी का भरा गया भाग =

$\frac{2}{12}+\frac{1}{15}+\frac{1}{20} = \frac{1}{6}+\frac{1}{15}+\frac{1}{20}$

$= \frac{10+4+3}{60} = \frac{17}{60}$

6 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{51}{60}$

शेष भाग $= 1 - \frac{51}{60} = \frac{9}{60} = \frac{3}{20}$

तथा अब यह 7वें घंटे में A व B द्वारा भरा जाएगा।

टंकी A एवं B द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग

$= \frac{1}{12}+\frac{1}{15} = \frac{5+4}{60} = \frac{9}{60} = \frac{3}{20}$

∴ कुल समय = 7 घंटे

2. (2) अभीष्ट समय $= \frac{1}{\frac{1}{20}+\frac{1}{30}}$

$= \frac{30\times20}{50} = 12$ मिनट

3. (3) समय $= \frac{1}{\frac{1}{4}-\frac{1}{5}} = 20$ घंटे

4. (4) माना कि भरी हुई टंकी x घंटा में चूने से खाली हो जाएगी

∴ 1 घंटे में भरी हुई टंकी का $\frac{1}{x}$ भाग चूने (रिसने) से खाली हो जाएगी

∵ नल 1 घंटा में $\frac{1}{2}$ भाग टंकी भरता है तथा

रिसने के कारण 1 घंटा में $\frac{1}{(7/3)} = \frac{7}{3}$ टंकी भरता है

∴ प्रश्न से, 1 घंटे में भरी गयी टंकी

$= \frac{1}{2} - \frac{1}{x} = \frac{3}{7}$ भाग

⇒

$\Rightarrow x = 14$ घंटा

Trick :

अभीष्ट उत्तर

$\frac{1}{\frac{1}{2}-\frac{1}{(7/3)}} = \frac{1}{\frac{1}{2}-\frac{3}{7}} = \frac{1}{\frac{1}{14}} = 14$ घंटे

5. (1) दो नलों द्वारा 1 घंटे में हौज का भरा गया भाग

$= \frac{1}{10}+\frac{1}{15} = \frac{3+2}{30} = \frac{5}{30} = \frac{1}{6}$

∴ हौज 6 घंटे में भर जाएगा।

6. (4) पाइप A द्वारा आधा घंटा (30 मिनट) में भरा गया भाग

$= \frac{2}{75}\times30 = \frac{4}{5}$

∴ शेष भाग $= 1 - \frac{4}{5} = \frac{1}{5}$

∴ $\frac{1}{5}$ भाग को B द्वारा भरने में लगा समय

$= \frac{1}{5}\times45 = 9$ मिनट

अर्थात् पाइप B को 9 मिनट के बाद बन्द करना होगा।

7. (4) तीनों नल एक साथ खोलने पर 1 घंटे में भरा गया हौज $= \frac{1}{3}+\frac{1}{4}-\frac{1}{2} = \frac{4+3-6}{12}$

$= \frac{7-6}{12} = \frac{1}{12}$

अतः पूरा हौज भरने में लगा समय = 12 घंटे

8. (3) कार्य घंटे/दिन   दिन   पम्पों की संख्या

6 ↑ 9   15 ↑ 12   ↓ 12, x

$\frac{x}{12} = \frac{6}{9}\times\frac{15}{12}$

$\Rightarrow 9\times12\times x = 6\times15\times12$

$\Rightarrow x = \frac{6\times15\times12}{9\times12} = 10$ पम्प चाहिए।

9. (3) पहले दो घंटे में टैंक का भरा गया भाग

$= \frac{1}{4}+\frac{1}{6} = \frac{3+2}{12} = \frac{5}{12}$ भाग

∴ पहले चार घंटे (2×2 घंटे) में टैंक का भरा गया भाग

$= \frac{2\times5}{12}$ भाग $= \frac{5}{6}$ भाग

शेष भाग $= 1 - \frac{5}{6} = \frac{1}{6}$

यह भाग पाँचवें घंटे में पाइप A द्वारा भरा जाएगा।

$\frac{1}{4}$ भाग भरने में लगा समय = 1 घंटा

∴ $\frac{1}{6}$ भाग भरने में लगा समय

$= \frac{1}{6}\times4 = \frac{2}{3}$ घंटा

∴ कुल समय $= 4 + \frac{2}{3} = 4\frac{2}{3}$ घंटे

10. (2) एक मिनट में नल A, B एवं C द्वारा टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{10}$

एक मिनट में नल A एवं B द्वारा टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{30}+\frac{1}{40} = \frac{4+3}{120} = \frac{7}{120}$

∴ नल C द्वारा 1 मिनट में टंकी का भरा गया भाग

$= \frac{1}{10}-\frac{7}{120} = \frac{12-7}{120} = \frac{5}{120} = \frac{1}{24}$

∴ नल C अकेले 24 मिनट में टंकी भरेगा।

11. (1) 1 मिनट में दोनों नलों के एक साथ खोलने पर टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{40}-\frac{1}{60}$

$= \frac{3-2}{120} = \frac{1}{120}$ भाग

अतः टंकी 120 मिनट = 2 घंटे में भरेगी।

12. (1) नल A द्वारा 2 घंटे, (5 बजे अपराह्न तक) में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{2}{3}$

नल B द्वारा 1 घंटे में (5 बजे अपराह्न तक) टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{4}$

∴ A तथा B द्वारा 1 घंटे में कुल भरा गया भाग

$= \frac{2}{3} + \frac{1}{4} = \frac{8+3}{12} = \frac{11}{12}$

C द्वारा 1 घंटे में खाली भाग $= \frac{1}{1} = 1$ जब तीनों नल एक साथ खोल दिए जाते हैं तो प्रति घंटा भरा भाग

$= \frac{1}{3} + \frac{1}{4} - 1 = \frac{4+3-12}{12} = \frac{-5}{12}$

अर्थात् प्रति घंटा $\frac{5}{12}$ भाग टंकी खाली होगी।

∴ $\frac{11}{12}$ भाग खाली करने में लगा समय

$= \frac{\frac{11}{12}}{\frac{5}{12}} = \frac{11}{12} \times \frac{12}{5} = \frac{11}{5}$ घंटा

= 2 घंटा 12 मिनट

∴ अभीष्ट समय = 5 + 2 : 12

= 7 : 12 अपराह्न

13. (3) नली A द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{2}$

नली B द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{6}$

दोनों नलों द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग

$= \frac{1}{2} + \frac{1}{6} = \frac{3+1}{6} = \frac{2}{3}$

पहले 1 घंटे में (A द्वारा) 10 बजे से 11 बजे तक)

नली A द्वारा भरा गया टंकी $= \frac{1}{2}$ भाग

∴ अब (1 बजे तक) $\frac{2}{3}$ भाग भरने में लगा समय = 60 मिनट

∴ $\frac{1}{2}$ भाग भरने में लगा समय

$= \frac{60 \times 3}{2} \times \frac{1}{2} = 45$ मिनट

∴ टंकी 11:45 प्रातः भर जाएगी।

14. (2) नल Q द्वारा 1 मिनट में टंकी का भरा गया भाग

$= \frac{1}{20} - \frac{1}{30} = \frac{3-2}{60} = \frac{1}{60}$

∴ अभीष्ट समय = 60 मिनट

15. (4) माना कि नल A को x मिनट बाद बंद किया गया।

∴ $\frac{x}{20} + \frac{18}{30} = 1$

$\Rightarrow \frac{x}{20} = 1 - \frac{3}{5} = \frac{2}{5}$

$\Rightarrow x = \frac{2 \times 20}{5} = 8$ मिनट

16. (4) तीनों नलों द्वारा 1 घंटे में हौज का भरा गया भाग

$= \frac{1}{3} + \frac{1}{5} - \frac{1}{2} = \frac{10+6-15}{30} = \frac{1}{30}$

अतः हौज 30 घंटे में भर जाएगा।

17. (1) तीनों नलों द्वारा 1 घंटे में टैंक का भरा गया भाग

$= \frac{1}{4} + \frac{1}{6} + \frac{1}{12} = \frac{6+4+2}{24} = \frac{1}{2}$

∴ टैंक 2 घंटे में भर जायेगा।

18. (2) पाइप (क + ख) द्वारा 1 मिनट में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{36} + \frac{1}{45} = \frac{5+4}{180} =$

$\frac{9}{180} = \frac{1}{20}$

इनके द्वारा 7 मिनट में टंकी का भरा गया भाग

$= \frac{7}{20}$

टंकी का शेष खाली भाग $= 1 - \frac{7}{20} =$

$\frac{20-7}{20} = \frac{13}{20}$

जब तीनों पाइप खोल दिए जाते हैं। टंकी का 1 मिनट में भरा गया भाग

$= \frac{1}{20} - \frac{1}{30}$

$= \frac{3-2}{60} = \frac{1}{60}$

∴ $\frac{13}{20}$ भाग भरने में लगा समय

$= \frac{13}{20} \times 60 = 39$ मिनट

अभीष्ट समय = 39 + 7 = 46 मिनट

19. (3) पहले दो मिनट में टंकी का भरा गया भाग

$= \frac{1}{20} - \frac{1}{30} = \frac{3-2}{60} = \frac{1}{60}$

∴ 114 मिनट में भरा गया भाग

$= \frac{57}{60} = \frac{19}{20}$

= शेष भाग 115वें मिनट में भरेगा।

20. (2) तरण ताल भरने में,

दूसरे पाइप द्वारा लिया गया समय = x घंटे

∴ पहले पाइप द्वारा लिया गया समय

$= (x+5)$ घंटे

तीसरे पाइप द्वारा लिया गया समय

$= (x-4)$ घंटे

∴ $\frac{1}{x} + \frac{1}{x+5} = \frac{1}{x-4}$

$\Rightarrow \frac{x+5+x}{x(x+5)} = \frac{1}{x-4}$

$\Rightarrow \frac{2x+5}{x^2+5x} = \frac{1}{x-4}$

$\Rightarrow 2x^2 - 8x + 5x - 20 = x^2 + 5x$

$\Rightarrow 2x^2 - 3x - 20 = x^2 + 5x$

$\Rightarrow x^2 - 8x - 20 = 0$

$\Rightarrow x^2 - 10x + 2x - 20 = 0$

$\Rightarrow x(x-10) + 2(x-10) = 0$

$\Rightarrow (x+2)(x-10) = 0 \Rightarrow x = 10$

∴ दूसरे एवं तीसरे पाइप द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{x} + \frac{1}{x-4}$

$= \frac{1}{10} + \frac{1}{6}$

$= \frac{3+5}{30} = \frac{8}{30} = \frac{4}{15}$

∴ अभीष्ट समय $= \frac{15}{4} = 3.75$ घंटे

21. (1) पाइप A एवं B द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग

$= \frac{1}{2} + \frac{1}{3} = \frac{3+2}{6} = \frac{5}{6}$ भाग

∴ अभीष्ट समय $= \frac{6}{5}$ घंटे

= 1 घंटा $\frac{1}{5} \times 60$

= 1 घंटा 12 मिनट

22. (4) दोनों पाइपों द्वारा 1 घंटा में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{4} - \frac{1}{16}$

$= \frac{4-1}{16} = \frac{3}{16}$

∴ अभीष्ट समय $= \frac{16}{3} = 5\frac{1}{3}$ घंटा

23. (4) प्रथम दो घंटे में टंकी का भरा गया भाग =

$\frac{1}{4} + \frac{1}{6} = \frac{3+2}{12} = \frac{5}{12}$

प्रथम चार घंटे में टंकी का भरा गया भाग =

$\frac{10}{12} = \frac{5}{6}$

शेष भाग $= 1 - \frac{5}{6} = \frac{1}{6}$

यह शेष भाग पाइप A द्वारा भरा जाएगा। पाइप A द्वारा लिया गया समय

$= \frac{1}{6} \times 4 = \frac{2}{3}$ घंटा

